हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org




dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–306 : जौनपुर, शनिवार 19 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में शामिल हुए योगी, कहा– इस बार होली में दोहरी है खुशी

गोरखपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के कई शहरों में होली शनिवार को मनाई जा रही है। इन्हीं में से एक शहर है गोरखपुर जहां लोग 18 मार्च की बजाय 19 मार्च को होली मना रहे हैं। गोरखपुर में होली के दिन के भगवान नरसिंह होलिकोत्सव शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस होली में बीते 25 साल से योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि बनते आ रहे हैं। इस बार भी योगी आदित्यनाथ शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे हैं। यहां सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूपी के भावी सीएम ने जनता को संबोधित भी किया। उन्होंने सबसे पहले जनता को होली की बधाई दी और कहा कि दो साल के बाद यह पर्व हम फिर से बिना कोरोना के बंदिशों के मना रहे हैं जो बेहद हर्ष की बात है। सीएम योगी ने जनता से अपील की है कि होली जरूर खेलें लेकिन सावधानी से खेलें। जो न खेलना चाहे उसे जबरन रंग न लगाएं, त्योहार हर्ष के साथ खेलें किसी की भावनाओं को आहत करके नहीं। जोश में होश को न खोएं, शालीनता के साथ पर्व मनाएं। होली का मतलब अव्यवस्था नहीं हो सकता। त्योहार हमें अतीत से जोड़ते हैं योगी ने कहा, पर्व हमें अतीत से जोड़ते हैं। होलिका और हिरण्यकश्यप हर समाज में मौजूद रहे हैं। हिरण्यकश्यप और होलिका ने भक्त प्रह्लाद को उसके भक्ति मार्ग से डिगाना चाहा पर सफल न हो सके। हमें भी भक्त प्रह्लाद की तरह अपने मार्ग से डिगना नहीं है। भावी सीएम ने चुनाव में जीत के लिए भी जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि जनता ने राष्ट्रवादी सरकार को चुना




है। कोरोना काल में भी केंद्र और यूपी सरकार ने अच्छा काम किया। गरीबों को महीने में दो बार मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, यह भी पहली बार हुआ है। वह बोले कि कोरोना में जिन लोगों की मौत हुई उनके परिवारों से हमारी संवेदना है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आप होली के उल्लास से बीते 10 दिन से जुड़े हैं। बीते दो सालों में पहली बार होली पर कोरोना नियंत्रण में है और यही वजह है कि हम इस आयोजन में शामिल हो सके हैं। दूसरी खुशी की बात ये भी है कि यूपी की जनता ने एक बार फिर राष्ट्रवाद और सुशासन के लिए सरकार चुनी है। पहली बार भाजपा ने गोरखपुर की सभी 9 सीटें जीतीं। संबोधन के बाद शुरू हुई शोभायात्रा योगी आदित्यनाथ के संबोधन के बाद छह किलोमीटर लंबी शोभायात्रा शुरू हो चुकी है। इस शोभायात्रा में विशाल जनसमूह उमड़ा है। लोग रंग, अबीर–गुलाल और फूलों से होली खेलते हुए इस शोभायात्रा में शरीक हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा के चुनावी कैंपेन में इस्तेमाल हुए कई नारे भी गूंज रहे हैं।

## 132 साल बाद आएगा ऐसा पहला चक्रवात : भारी बारिश की संभावना : इन राज्यों में आ सकती है बाढ़

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : यदि पूर्वानुमान सही होता है, तो उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसनी मार्च में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से टकराने वाला पहला उष्णकटिबंधीय चक्रवात बन जाएगा। एक प्रख्यात मौसम विज्ञानी ने कहा कि मार्च में कम से कम 132 वर्षों में एक भी उष्णकटिबंधीय चक्रवात इस क्षेत्र में नहीं आया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने साल के पहले चक्रवाती तूफान आसनी के लिए अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पूर्वी हिस्से के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जिसके 21 मार्च तक तेज होकर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। मौसम एजेंसी ने अपने बुलेटिन में कहा, कम दबाव का क्षेत्र, जो मंगलवार को दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना था, 19 मार्च की सुबह तक पूर्व–उत्तर–पूर्व की ओर बढ़ेगा और फिर 20 मार्च तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ–साथ उत्तर की ओर बढ़ेगा। अगले एक दो दिनों में भारी बारिश की संभावना है। जानकारों का कहना है कि अगर भविष्यवाणी सही हुई तो ऐसा चक्रवात मार्च के महीने में 132 साल के बाद देखने को मिलेगा। जानिए आईएमडी ने क्या कहा है – आईएमडी ने कहा कि वेदर सिस्टम के सोमवार को चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। इसके बाद, इसके लगभग उत्तर–उत्तर–पूर्व की ओर बढने और 22 मार्च की सुबह के आसपास बांग्लादेश–उत्तर म्यांमार तटों के पास पहुंचने की संभावना है। – मौसम एजेंसी ने यह भी कहा कि एक बार जब सिस्टम चक्रवात में बदलेगा तो इसका नाम आसनी रखा जाएगा, जो श्रीलंका द्वारा सुझाया गया नाम है। – चक्रवात से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निचले इलाकों में सड़कों पर स्थानीय बाढ़ और जलभराव होने की आशंका है। – अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद कुलदीप राय ने उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डीके जोशी से आपदा प्रबंधन मशीनरी को हाई अलर्ट पर रखने का आग्रह किया है। – उन्होंने जोशी से सभी स्कूलों और कॉलेजों में 19 और 21 मार्च को अवकाश घोषित करने का भी आग्रह किया। 20 मार्च को रविवार होने के कारण भी छुट्टी है। – यदि पूर्वानुमान सही होता है, तो उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसनी मार्च में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से टकराने वाला पहला उष्णकटिबंधीय चक्रवात बन जाएगा। एक प्रख्यात मौसम विज्ञानी ने कहा कि मार्च में कम से कम 132 वर्षों में एक भी उष्णकटिबंधीय चक्रवात इस क्षेत्र में नहीं आया है। – आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र, केवल आठ चक्रवात – अरब सागर में दो और बंगाल की खाड़ी में छह – मार्च के महीने में 1891 और 2022 के बीच विकसित हुए हैं। – आठ वेदर सिस्टम में से छह समुद्र के ऊपर फैल गई, एक ने 1926 में एक चक्रवाती तूफान के रूप में तमिलनाडु के तट को पार किया और दूसरा 1907 में श्रीलंका में। – चूंकि अगले कुछ दिनों तक समुद्र के उबड़–खाबड़ रहने की आशंका है, इसलिए मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे गुरुवार से सोमवार तक दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में, अंडमान सागर और शुक्रवार और बुधवार के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ–साथ न जाएं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## लेख की भूमिका

**उदात्तता** जो कि मानव जीवन का एक विशेष गुण है, जिसका उदय मानव जीवन में संघर्षो से होता है, इसी विषय पर एक विद्वान व अनुभवी लेखक जो कि **"अघोरी मिर्जापुरी' के नाम** से कई पुस्तके गद्य एवं पद्य की लिख चुके हैं। उनके द्वारा उदात्तता विषय पर अपना लेख आपके बीच सार्वजनिक / प्रकाशित करनें का अवसर देश की उपासना समाचार पत्र को दिया गया है जिसे कई कड़ियों में आप पाठको तक पहुंचानें का प्रयास किया जा रहा है ,जिसका प्रथम भाग आज से शुरू किया गया है, आशा है कि आप साहित्य के प्रेमियों को यह लेख **संघर्ष और सफलता** का मार्ग दर्शन करनें में **सहायक सिद्ध होगा–सम्पादक**

### लेख–उदात्तता भाग–1

उदान्त होना मानव का एक विशेष गुंण है। यह जीवन–संघर्ष से उत्पन्न होता है। जिन्होने जीवन में संघर्ष ही नहीं किया तथा कलियुगी लुटेरों के पुत्र– पुत्री हैं, उनके अन्दर यह गुण नहीं आ पाता है। पिताजी ने कमा कर सात पीढ़ी के लिए रख दिया है। बेटा उसका दुंरुपयोग ही करता है ,क्योंकि चोरी का ,हत्या का, बेईमानी का, डकैती का माल उसके खजानें में सिर्फ पानी की तरह बहानें के लिए रखा है। वह संसार को कोई दिशा देने में समर्थ नहीं होगा। ऐसा माहौल आज देश के अधिकतर नेताओं, ब्यूरो क्रैट्स, तथा जिम्मेदार लोगों ने बना रखा है। कम्युनिष्ट, सनातन–विरोधी कालनेमि के विचार धारा वाले सभी लूट खसोट, बलात्कार, भ्रस्टाचार आदि को ही जीवन का मुख्य ध्येय बना रखा है। ऐसे लोग भी बाहर से कालनेमि जैसे संत होते है.........शेष.

**अगले अंक में पढ़ें भाग–2**

## सड़क हादसों में तीन की मौत: बाइक आमने–सामने टक्कर और कार की चपेट से

लखनऊ ब्यूरो : बंथरा, गौतम पल्ली और चिनहट में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। बंथरा के औराव गांव निवासी राजकिशोर (30) गुरुवार दोपहर होली का सामान खरीदने बाजार जा रहा था। रास्ते में विक्रम हॉस्पिटल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर चोट आने से राजकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार लाला खेड़ा निवासी प्रिंस (21) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने प्रिंस को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही राजकिशोर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजकिशोर परचून की दुकान चलाकर पत्नी देश रानी व एक बेटे का गुजारा करता था। हादसे में उसकी मौत से घरवालों का रो–रोकर बुरा हाल है। आलमबाग के दामोदर नगर के रहने वाले प्रकाश चंद्र तिवारी (39) शिक्षक थे। गुरुवार रात वह किसी काम से गोमती नगर जा रहे थे। गौतम पल्ली थाना क्षेत्र में जियामऊ मोड़ पर वह ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने प्रकाश को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रकाश के परिवार में पत्नी रेनू और एक बच्चा है। बाराबंकी के रामनगर निवासी सत्तन (52) लखनऊ में अयोध्या रोड पर चिनहट के पास रहता था। ट्राली चला कर गुजारा करने वाला सत्तन गुरुवार दोपहर कुछ सामान खरीदने के लिए पैदल जा रहा था। सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग गया। पुलिस ने सत्यम को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 25 मार्च को योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण : पीएम मोदी सहित भाजपा शासित राज्यों के सीएम होंगे शामिल

लखनऊ ब्यूरो : पांच साल के सफल कार्यकाल के बाद यूपी की सत्ता में वापसी कर अपनी पार्टी खुद के लिए 37 साल पुराना मिथक तोड़कर इतिहास रचने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार का दूसरा शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को शहीद पथ स्थित इकाना स्टेडियम में होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में महिलाओं और युवाओं को खास तवज्जो मिलेगी। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर बाद आयोजित होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, संघ और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। इकाना स्टेडियम में प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंत्रिमंडल के स्वरूप को लेकर योगी की पार्टी नेतृत्व के साथ मन्त्रणा हो चुकी है। यूपी में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को क्रमशः पर्यवेक्षक व सह पर्यवेक्षक बनाया गया। शपथ लेने वाले मंत्रियों की सूची को मुख्यमंत्री के गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने पर अंतिम रूप दे दिया जाएगा। योगी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित विपक्षी दलों के



नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इन लाभार्थियों में महिलाओं की भी पर्याप्त भागीदारी होगी। लाभार्थी भी होंगे समारोह में शामिल योगी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है। लखनऊ सहित आसपास के जिलों से लाभार्थियों को शपथ ग्रहण समारोह में लाया जाएगा। खासतौर पर महिला लाभार्थियों को समारोह में शामिल किया जाएगा। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर गठित होगा मंत्रिमंडल आगामी लोकसभा चुनाव (2024) को ध्यान में रखकर मंत्रिमंडल का गठन होगा। पुराने के साथ नए चेहरों को भी तरजीह दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर नाम तय किए जा चुके हैं। संगठन में रहकर बेहतर काम करने वालों को अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस बार महिलाओं ने जाति–धर्म से ऊपर उठकर सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे पर भाजपा की जीत में अहम भूमिका निभाई है, लिहाजा मंत्रिमंडल में महिलाओं को खास तवज्जो मिलेगी। कुछ युवा और चर्चित चेहरे भी मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकते हैं।

## स्लाटर हाउस के स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान, एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल ने पाया काबू

उन्नाव ब्यूरो : उन्नाव जिले में दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित स्लाटर हाउस में शुक्रवार शाम स्टोर एरिया से आग की लपटें निकल पड़ी। भीषण आग देख अफरा–तफरी मच गई। सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर पहुंची दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी ने शॉर्ट–सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया है। वहीं फैक्टरी मैनेजर ने लाखों के नुकसान की बात कही है। एओवी स्लाटर हाउस में रात लगभग 9:30 बजे स्टोर एरिया में आग लग गई। आग लगने से वहां रखा पैकिंग मैटेरियल, पॉलीथिन, प्लास्टिक सैनिटाइजर व मॉस्क समेत अन्य सामान जलने लगा। ऊंची लपटे देख सुरक्षाकर्मी ने पुलिस व दमकल को सूचना दी। दही थाना के अलावा दो दमकल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। स्लाटर हाउस के मैनेजर अब्दुल्लाह रियाज ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है। लाखों के नुकसान का अनुमान लगा क्षति का आंकलन किए जाने की बात कही है। अग्निशमन अधिकारी शिवदरश ने बताया कि शॉर्ट–सर्किट से आग लगने का अंदेशा है।

## गृह मंत्री अमित शाह की फोटो के साथ छेड़छाड़ करने पर रिटायर्ड फौजी पर रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : शाहबाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की फोटो के साथ छेड़छाड़ करने और उसे वायरल करने के मामले में रिटायर्ड फौजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शाहबाद क्षेत्र की ढकिया चौकी के ग्राम खंदेली गांव निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ फौजी की सोशल मीडिया आईडी से



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आपत्तिजनक फोटो 14 फरवरी को सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई थी। इस पोस्ट में पुलवामा अटैक को लेकर भी उपरोक्त व्यक्ति द्वारा टिप्पणी की गई थी। रिटायर्ड फौजी द्वारा पुलवामा से संबंधित चार फोटो फेसबुक आइडी के माध्यम से सोशल मीडिया पर डाले गए थे। जिनमें एक फोटो देश के गृह मंत्री अमित शाह की थी। जिस फोटो में कालिख पोत दी गई थी। पोस्ट के बाद कुछ लोगों में आक्रोश पैदा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शाहबाद कोतवाली में उपरोक्त रिटायर्ड फौजी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में एडिशनल एसपी डॉ.संसार सिंह ने बताया की केंद्रीय गृह मंत्री की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## लखनऊ में होली पर डांस करने को लेकर विवाद : गोली मारकर युवक की हत्या

लखनऊ ब्यूरो : कैसरबाग इलाके में गुरुवार रात करीब 1:30 बजे होली पर डांस करने के दौरान झगड़े में एक युवक नगर को गोली मार दी गई। घायल युवक को आनन–फानन ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मोहल्ले के ही एक युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस उसे तलाश कर रही है। कैसरबाग इलाके के घसियारी मंडी निवासी पप्पू सोनकर (36) नगर निगम में सुपरवाइजर था। गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे पप्पू मोहल्ले में ही दोस्तों संग डीजे पर डांस कर रहा था। तभी मोहल्ले के ही रल्ली सोनकर ने डीजे बजाने पर आपत्ति जताते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। फिर रल्ली ने असलहा निकालकर पप्पू की पीठ में गोली मार दी। वह जमीन पर गिरा तो एक और गोली मारने के बाद रल्ली हवाई फायरिंग करते हुए भाग गया। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीसीपी पश्चिम सोमेन बर्मा, एसीपी कैसरबाग और इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल पप्पू सोनकर को तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि लेन देन को लेकर पुराने विवाद में वारदात की जानकारी मिली है। पप्पू के परिजनों ने मोहल्ले के ही रल्ली सोनकर पर आरोप लगाया है। उसकी तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है। कैसरबाग इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि पप्पू की पत्नी रूमा सोनकर की तहरीर पर रल्ली सोनकर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी को कर लिया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी युवाओं की है, कभी बूढ़ी नहीं हो सकती : मुलायम सिंह

कानपुर ब्यूरो : समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा है कि सपा पार्टी युवाओं की पार्टी है। यह पार्टी कभी बूढ़ी नहीं हो सकती। अभी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में युवाओं ने बहुत मेहनत की है। जिसकी वजह से पार्टी को बहुत अच्छा वोट मिला है। अब लक्ष्य 2024 का है। मेहनत करके पार्टी को मजबूत करना है। मुलायम सिंह ने कहा कि हाल में हुए चुनाव में उन युवाओं की सूची बनाओ जिन्होंने मेहनत की। नंबर नोट करवाओ, वो आकर हमसे मिलें। कहा अगर हमें बुलाओगे तो हम खुद मिलने आएंगे। तुम ही सब वो युवा हो जो आने वाले समय मे विधायक, सांसद बनोगे। 2024 में मेहनत करनी है सांसद बनाने हैं। प्रदेश में सरकार भी आगे बनानी है। सभी को धन्यवाद, सभी को बधाई। होली के मौके पर मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच में खासे जोश में नजर आए। सैफई महोत्सव पंडाल में खेली होली समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के आंगन की प्रसिद्ध होली चार दशक बाद रणवीर सिंह स्मृति महोत्सव पंडाल में खेली गई। जहां पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 10:30 बजे महोत्सव पंडाल में होली समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। अखिलेश यादव ने मंच पर मौजूद सभी से मिलकर होली की बधाई दी। 11 बजे प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव मंच पर पहुंचे।

## टक्कर से कार पर पड़े निशान से भड़का सिपाही : असलहा लहराकर दी धमकी : निलंबित.

सीतापुर ब्यूरो : पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही का असलहा लहराने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में सिपाही धमकी देते हुए भी नजर आया है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सिद्धार्थ रॉय गुरु नानक कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। दो दिन पूर्व सिद्धार्थ रॉय किसी काम से बाहर जा रहा था। वह अपनी कार घर से बाहर निकाल रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी से उसकी कार टकरा गई। जिससे सिपाही की गाड़ी में निशान पड़ गया। सिपाही गाड़ी मालिक से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि सिपाही अपने पास मौजूद अवैध असलहे को कॉलोनी में खुलेआम लहराकर धमकी देने लगा। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में एसपी आरपी सिंह ने बताया कि आरोपी सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारे में सोचो जिनके कर्म अच्छे हो।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# यूक्रेन संकट : मेडिकल शिक्षा में आत्मनिर्भरता की दरकार

यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों को देखा जाए, तो हर 1,000 व्यक्ति के पीछे एक डॉक्टर होना चाहिए, यानी हमें कुल 13,08,000 डॉक्टरों की आवश्यकता है, जबकि देश में अब भी सिर्फ 12 लाख पंजीकृत चिकित्सा कर्मी ही हैं। ऐसे में, यह माना जा सकता है कि अब भी हमारे देश में 1,08,000 डॉक्टरों की कमी है। ऐसा नहीं कि देश में मेडिकल की सीटों में वृद्धि नहीं हुई है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जब वहां फंसे भारतीयों की बात सामने आई, तो एक बात जिसकी जानकारी सरकार और कुछ अन्य लोगों को थी, लेकिन आम समाज इस बात से अनभिज्ञ था कि यूक्रेन में 20 हजार भारतीय विद्यार्थी रह रहे थे, जिसमें अधिकांश मेडिकल विद्यार्थी थे। यूक्रेन अकेला देश नहीं है, जहां भारतीय विद्यार्थी मेडिकल की शिक्षा के लिए जाते रहे हैं। इसके अलावा चीन, रूस, किर्गीस्तान, फिलीपींस और कजाकिस्तान में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी मेडिकल की शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं।

गौरतलब है कि उन देशों से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद इन विद्यार्थियों को भारत में एक परीक्षा से गुजरना होता है, जिसका नाम है फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एक्जामिनेशन (एफएमजीई), जिसे नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन आयोजित करता है। विडंबना यह है कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों का प्रतिशत अभी तक 10.4 प्रतिशत से 18.9 तक ही रहा है। यदि पिछले पांच वर्षों की बात की जाए, तो यह प्रतिशत औसतन 15.82 प्रतिशत रहा। जबकि पिछले पांच वर्षों के दौरान इस परीक्षा में भाग लेने वालों की संख्या में लगभग तीन गुना की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2015 में जहां 12,116 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, वहीं वर्ष 2020 में यह संख्या बढ़कर 35,774 तक पहुंच गई थी। वर्ष 2021 में कोरोना के प्रकोप के चलते हालांकि यह संख्या घटकर 23,349 रह गई थी। मेडिकल के ये विद्यार्थी डिग्री हासिल करने के लिए विदेश क्यों जाते हैं? वर्ष 2021 में आयोजित एमबीबीएस हेतु नीट की परीक्षा में लगभग 16 लाख विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि देश में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या मात्र 83 हजार थी। इस बात में कोई संदेह नहीं कि देश में मेडिकल डॉक्टरों की भारी जरूरत है।

यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों को देखा जाए, तो हर 1,000 व्यक्ति के पीछे एक डॉक्टर होना चाहिए, यानी हमें कुल 13,08,000 डॉक्टरों की आवश्यकता है, जबकि देश में अब भी सिर्फ 12 लाख पंजीकृत चिकित्सा कर्मी ही हैं। ऐसे में, यह माना जा सकता है कि अब भी हमारे देश में 1,08,000 डॉक्टरों की कमी है। ऐसा नहीं कि देश में मेडिकल की सीटों में वृद्धि नहीं हुई है। वर्ष 2014 में देश में मेडिकल सीटों की संख्या मात्र 54,358 थी, जो अब तक बढ़कर 88,120 तक पहुंच गई है।

विडंबना यह है कि इनमें से लगभग आधी सीटें सरकारी कॉलेजों में हैं और शेष निजी कॉलेजों में हैं। इन निजी कॉलेजों में 4.5 साल के कुल एमबीबीएस शिक्षा हेतु हालांकि 50 लाख से डेढ़ करोड़ रुपये तक की फीस वसूली जाती है, उनमें भी प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अत्यंत कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ता है। हाल तक अधिकांश प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया अत्यंत अपारदर्शी और भ्रष्टाचार युक्त थी। यह माना जा रहा है कि नीट की परीक्षा आयोजित होने के बाद मेडिकल में प्रवेश में भ्रष्टाचार कम हुआ है।

हालांकि मेडिकल में प्रवेश परीक्षा अब पहले से अधिक पारदर्शी हो गई है और इसमें भ्रष्टाचार भी काफी कम हुआ है, इसके बावजूद सच्चाई यह है कि देश में जितने विद्यार्थी मेडिकल शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, एमबीबीएस सीटों में काफी वृद्धि होने के बावजूद उनमें से मात्र पांच प्रतिशत विद्यार्थियों को ही प्रवेश प्राप्त हो पाता है। यही नहीं, निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई अत्यंत खर्चीली है, जबकि सरकारी संस्थाओं में यह पढ़ाई काफी सस्ती है।

देश में एमबीबीएस सीटों की कमी और निजी क्षेत्र में महंगी पढ़ाई के चलते बड़ी संख्या में एमबीबीएस पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थी विदेशों में जाकर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करते हैं। भारत से लगभग एक लाख से भी ज्यादा विद्यार्थी दुनिया के अलग–अलग मुल्कों में मेडिकल की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रत्येक विद्यार्थी का एमबीबीएस कोर्स के लिए कुल खर्च 25 से 30 लाख रुपये आता है। यानी देखा जाए, तो लगभग पांच वर्ष की एमबीबीएस डिग्री के लिए करीब 25 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

डॉलरों में यह राशि लगभग 3.5 अरब डॉलर है। यदि भारत से मेडिकल समेत अन्य प्रकार के विद्यार्थियों का पलायन कम किया जा सके, तो देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा में खासी बचत हो सकती है। यूक्रेन युद्ध से पहले पिछले वर्ष ही नेशनल मेडिकल कमीशन ने यह घोषणा की थी कि निजी मेडिकल कॉलेजों की आधी सीटें विद्यार्थियों को सरकारी कॉलेजों की फीस पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस बाबत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया ट्वीट भी महत्वपूर्ण है, जिसमें उन्होंने यही बात दोहराई है कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की आधी सीटों को सरकारी कॉलेजों की फीस पर उपलब्ध कराया जाएगा।

स्वाभाविक है कि सरकार के इस कदम से योग्य विद्यार्थियों को, जो धनाभाव के कारण एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं कर पाते, राहत मिलेगी। लेकिन देश से योग्य विद्यार्थियों का मेडिकल की शिक्षा हेतु पलायन और विदेशी मुद्रा की भारी बर्बादी रोकने के लिए नए मेडिकल कॉलेज खोलना और वर्तमान कॉलेजों की सीटों में वृद्धि करना ही एकमात्र उपाय है। एमसीआई को भंग करने और नेशनल मेडिकल कमीशन का गठन हो जाने के बाद देश में अतिरिक्त मेडिकल सीटें स्थापित करने की गति में पहले से ही खासी वृद्धि हुई है।

पिछले सात वर्षों में मेडिकल सीटों में हर वर्ष आठ प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि दर्ज हो रही है। यह गति और ज्यादा तेज करने की जरूरत है। यूक्रेन युद्ध के बाद इस समस्या को समझते हुए जाने–माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा द्वारा एक मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा से एक नए प्रकार की शुरुआत हुई है। इसी प्रकार देश में असंख्य उद्यमी हैं, जो मेडिकल कॉलेज खोलने में सक्षम हैं। नीति निर्माताओं में भी इस संबंध में सोच विकसित हो ही रही है। मेडिकल शिक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में आज निजी और सार्वजनिक शिक्षा संस्थानों, बिजनेस घरानों और अन्य उद्यमियों के लिए एक अवसर भी है और चुनौती भी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# होला महल्ला गुरमति समागम के रुप में मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 18–03–2022 दिन शुक्रवार को दशमेश पिता साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज द्वारा आरम्भ की गयी परम्परानुसार खालसे की चढ़दी कला एवं न्यारेपन का प्रतीक होला महल्ला गुरमति समागम के रुप में श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी श्री गुरू सिंह सभा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे श्री सुखमनी साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो दोपहर 1.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में – होली कीनी संत सेवा। रंग लागा अति लाल देव।। शबद कीर्तन गायन कर आई साध संगत को भाव विभोर करते हुए गुरबाणी के रंगों में भिगोया तत्पश्चात अमृतसर के प्रसिद्ध विद्वान ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने होली की महत्ता और सत्य की विजय के सम्बन्ध गुरमत विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि आज ही के दिन सरबंस दानी साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने आनन्दपुर साहिब में होला महल्ला मनाने की विधि सिखाई। अकाल पुरख की बन्दगी एवं रसमयी कीर्तन से इस दिन नगर कीर्तन निकालते एवं सिंहों के दो दल बनाकर मुकाबले करवाते और शेर दिलों को पुरस्कार देते और इत्र एवं स्वच्छ गुलाल से होला महल्ला मनाते थे सांसारिक रंगों से दूर रहकर गुरबाणी के रंगों में रंग प्रभु भक्ति में लीन रहने का उपदेश देते थे। गुरमत संगीत अकैडमी के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। शाम का दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ उसके उपरान्त सिमरन साधना परिवार के बच्चों दिवानशी दुआ (गिटार), गुरकीरत कौर (सिंथेसाइजर), सिमरन कौर, वाद्यय यंत्रों द्वारा शबद कीर्तन एवं नाम





सिमरन द्वारा समूह संगत को निहाल किया कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिह मीत ने किया। इस अवसर पर प्रातः एवं रात्रि के लंगर में पकौड़े ,मैगी, गुजिया,छोले कुलचे एवं राजमा चावल की सेवा संगत द्वारा की गई जिसका वितरण दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा हरमिन्दर सिंह टीटू, हरविंदर पाल सिंह नीता, कुलदीप सिंह सलूजा की देखरेख में किया गया। दीवान की समाप्ति के पश्चात लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा ने आई समूह संगत को होले महल्ले की बधाई दी।

# भक्त प्रह्लाद की तरह सत्य और धर्म के मार्ग से नही हटना चाहिये

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समर विहार कॉलोनी आलमबाग लखनऊ के सेंट्रल पार्क में परंपरागत रूप से उत्साह पूर्वक सामूहिक होलिका दहन का कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया । दहन का शुभारंभ कॉलोनी की महिलाओं द्वारा किया गया जिसमे क्षेत्र के पार्षद गिरीश मिश्रा, समर विहार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाल सिंह ऐबट, महामंत्री आई एस कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासियों ने भाग लिया और एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामना दी। इस अवसर पर गिरीश मिश्रा ने होली के त्योहार के विषय पर प्रकाश डाला और आवाहन किया कि भक्त प्रह्लाद की तरह सत्य और धर्म के मार्ग से नही हटना चाहिये।



कॉलोनी के सेंट्रल पार्क में ही हमेशा की तरह शुक्रवार को सामूहिक रंगोत्सव मनाया जाएगा।

# सपा समर्थकों ने रोका भाजपाइयों का 'डीजे वाला' जुलूस : नोकझोंक के बाद हुआ हंगामा


अमरोहा अमरोहा के ढबारसी में होली के दिन भाजपाइयों द्वारा निकाले जा रहे जुलूस को सपा समर्थकों ने रोक दिया, जिसके बाद दोनों पार्टियों के समर्थक भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक हुई और फिर हंगामा हो गया। मौके पर पहुंचे सीओ और एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत कराया। मामले में 50 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। यह मामला आदमपुर थानाक्षेत्र बुखारीपुर गांव का है। यहां होली के दिन शाम के समय सपा समर्थकों ने गांव में जुलूस निकाला था। इसके बाद भाजपा समर्थक डीजे के साथ जुलूस निकाल रहे थे। आरोप है कि सपा समर्थकों ने अपने मोहल्ले में डीजे से जुलूस निकालने का विरोध किया। इसी बात को लेकर सपा और भाजपा के समर्थक आमने–सामने आ गए। मामला इतना बढ़ा कि लाठी–डंडे तक निकल आए। विवाद की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद सपा समर्थकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नाराज भाजपा के समर्थक महिलाओं के साथ गांव में ही धरने पर बैठ गए। इसकी सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव और पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पांडेय मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को



समझा कर मामला शांत कराया। बाद में भाजपा समर्थकों ने जुलूस निकाला। पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पांडेय का कहना है कि होली के जुलूस को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। मामला शांत करा दिया गया है। मामले में दोनों पक्षों के 50 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# लखनऊ विश्वविद्यालयः बीबीएयू के प्रोफेसर ने एलयू में किया बवाल, पुलिस से भी अभद्रता की

लखनऊ ब्यूरो : होली के दिन शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में बीबीएयू के एक प्रोफेसर ने जमकर हंगामा किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर से उन्होंने न सिर्फ मारपीट की बल्कि सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की। हालांकि मामले में अभी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर होली के दिन अपने परिचित से मिलने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर पहुंचे थे। वहां गाड़ी खड़ी करने को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर से उनकी कहासुनी हो गई। इस पर भड़के बीबीएयू के प्रोफेसर ने गालीगलौज करते हुए उनकी पिटाई शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाओ कराने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। एक दरोगा और सिपाही मौके पर पहुंचे तो बीबीएयू के प्रोफेसर उनसे भी अभद्रता व धक्का–मुक्की करने लगे। इस पर थाने से पहुंची फोर्स ने किसी



तरह मामला शांत कराया। हसनगंज इंस्पेक्टर अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि मामले में अभी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है। छानबीन के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ में कांग्रेसः रीता बहुगुणा जोशी के बाद नहीं मिली कोई सीट : इस बार जितने कार्यकर्ता उतने वोट भी नहीं मिले

लखनऊ ब्यूरो : तीन साल पहले रीता बहुगुणा जोशी के भाजपाई होने के बाद शहर में कांग्रेस का अब एक भी विधायक नहीं रह गया। साल 2012 और फिर 2017 में कैंट विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर विधायक बनने वाली रीता बहुगुणा कांग्रेस की एकमात्र विधायक थीं। उनके अलावा किसी अन्य सीट पर पार्टी का कोई प्रत्याशी जीत नहीं दर्ज कर सका था। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद तक पहुंचने वाली रीता जोशी के बाद शहर में किसी भी सीट पर कांग्रेस जीत नहीं दर्ज कर सकी। उनके भाजपा में जाने के बाद 2019 में कैंट विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ तो यह सीट भी कांग्रेस के हाथ से निकल गई। कांग्रेस की ओर से दिलप्रीत सिंह डीपी को पार्टी ने चुनाव लड़ाया, मगर भाजपा के सुरेश तिवारी चुनाव जीत गए। वहीं राजधानी में इस बार के चुनाव में जहां पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं वोट प्रतिशत भी कम हुआ। जबकि उम्मीद लगाई जा रही थी कि यूपी की कमान प्रियंका के हाथों में आने के बाद जिस तरह से कई मुद्दों पर कांग्रेस सड़क पर आई, उससे वोट प्रतिशत तो जरूर बढ़ेगा। हालांकि 1989 से पहले यह स्थित नहीं थी। शहर की चारों सीट पर कांग्रेस का ही कब्जा रहता था। पुराने कांग्रेसी और पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव व पांच बार से लगातार पार्षद गिरीश मिश्र बताते हैं कि पहले शहर में चार सीटें होती थीं, जिसमें सभी पर कांग्रेस का ही कब्जा रहता था। 1989 के बाद स्थिति बिगड़ी है। हालांकि पश्चिम विधानसभा सीट पर 2009 में हुए उप चुनाव में कांग्रेस के श्याम किशोर शुक्ला विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा के आशुतोष टंडन गोपाल को हराया था। उसके बाद जब विधानसभा चुनाव 2012 में हुए तो एकमात्र सीट कांग्रेस को मिली, जो रीता ने भाजपा के सुरेश



तिवारी को हराकर जीती थी। उसके बाद 2017 में विधानसभा चुनाव में फिर कांग्रेस से जोशी ने ही जीत दर्ज की। इस बार उन्होंने सपा की अपर्णा यादव को हराया था, जो अब भाजपा में शामिल हो गई हैं। वोट बैंक में लगती रही सेंध विस चुनाव 2012 में कांग्रेस ने कैंट की महज एक सीट जीती थी और उसे 38.95 प्रतिशत वोट मिले थे। इसी तरह विस चुनाव 2017 में 50.90 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 2019 मे कैंट सीट पर उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के दिलप्रीत को महज 17.51 प्रतिशत वोट ही मिले। अब साल 2022 के चुनाव में कांग्रेस के दिलप्रीत को महज 6510 वोट मिले। पार्टी के लोग ही करते हैं टांग खिंचाई राजीव गांधी पंचायती राज विभाग के चेयरमैन शैलेंद्र तिवारी कहते हैं कि पार्टी के लोग ही एक दूसरे की टांग खींचते हैं। हालत यह है कि आम कार्यकर्ता तो दूर की बात पदाधिकारी तक बड़े नेता से नहीं मिल पाते। वहीं मोहनलागंज सीट से चुनाव लड़ने कांग्रेस की ममता चौधरी बताती हैं कि ऐसे जानकारी मिली है कि पार्टी की लोगों ने भीतरघात किया। दूसरों का वोट दिया। ऐसे कैसे पार्टी जीतेगी, जितने कार्यकर्ता हैं उतने तक वोट नहीं मिले।

# कानपुर में धुलैंडी के दिन खत्म नहीं होती होली : यहां सात दिन तक खेला जाता है रंग

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में 23 मार्च को अनुराधा नक्षत्र के दिन एक बार फिर जमकर होरियारे रंग खेलेंगे। इस दिन एतिहासिक पर्व गंगा मेला का आयोजन किया जाता है। रंगों से भरे ड्रम के ठेले पूरे शहर में घूम–घूमकर लोगों पर रंग बरसाते हैं। यह नजारा सिर्फ कानपुर में ही देखा जा सकता है। कानपुर में रंग खेलना होलिका दहन से शुरू होकर गंगा मेला तक जारी रहता है। सात से आठ दिन तक लगातार रंग खेला जाता है। इस बार अनुराधा नक्षत्र 23 मार्च बुधवार को पड़ रहा है। बताते चलें कि कानपुर में गंगा मेला आजादी के दीवानों की याद में मनाया जाता है। कहते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन चरम सीमा पर था। सन् 1942 में ब्रिटिश सरकार ने तत्कालीन जिलाधिकारी कानपुर में होली खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हटिया के नव युवकों ने तय किया कि यह हमारा धार्मिक त्योहार है। इसे हम पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। देश आजाद हुआ सन् 1947 में लेकिन कानपुर के हटिया में आजादी का झंडा 1942 की होली में ही फहरा दिया गया था। जब शहरवासियों ने होली खेलनी शुरू की तो तत्कालीन शहर कोतवाल ने हटिया पार्क को चारों तरफ से घेर लिया और नवयुवकों को गिरफ्तार कर जेल



में डाल दिया। इस प्रतिक्रिया में पूरे शहर में भयंकर होली खेली गई और ऐलान किया गया कि जब तक नवयुवक छोड़े नहीं जाएंगे तब तक निरंतर होली खेली जाएगी। जिस दिन नवयुवक छोड़े गए उस दिन अनुराधा नक्षत्र था। जिस कारण अब हर साल अनुराधा नक्षत्र के दिन गंगा मेला मनाया जाता है। इस वर्ष गंगा मेला की 81 वर्षगांठ मनाई जाएगी। हटिया के रज्जन बाबू पार्क से मेला उठता है और विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए सरसैया घाट सिविल लाइंस में समाप्त होता है।

# उन्नाव में भीषण सड़क हादसाः दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक घायल

उन्नाव ब्यूरो : उन्नाव जिले के चकलवंशी में माखी थाना क्षेत्र के कोटरहिया गांव के पास दो बाइकों में आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा के मजरा भगाखेड़ा गांव निवासी सुरेन्द्र (35) पुत्र छोटा होली मिलने मोल्हेखेड़ा निवासी अपने साढ़ू रामचंद्र के घर गया था। शुक्रवार शाम साढ़ू को लेकर बाइक से घर लौटते समय चकलवंशी–सरोसी मार्ग पर कोटरहिया के पास उसकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे में सुरेंद्र व दूसरी बाइक सवार फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दर्शनखेड़ा निवासी रिंकू पाल (28) पुत्र रामकेवल की मौत हो गई। साढ़ू गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल रामचन्द्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यादव कुनबे की होलीः सैफई में मुलायम ने मनाया रंगो का त्योहार, अखिलेश–शिवपाल के साथ खेली फूलों की होली

सैफई ब्यूरो : देशभर में रंगों से खेली जाने वाली होली धूमधाम से मनाई जा रही है। कोरोना के चलते दो साल रंगे के इस पर्व को नहीं मनाया गया था। दो साल बाद मनाए जा रहे होली के पर्व को लेकर चारों ओर उल्लास है। वहीं, सैफई में होली के मौके पर मुलायम सिंह यादव का परिवार एक मंच पर नजर आया। सभी ने साथ में फूलों की होली खेली। सैफई में फूलों की होली का स्थान बदल दिया गया था। मुलायम सिंह के गांव सैफई की होली इस बार रणवीर सिंह स्मृति सैफई महोत्सव पंडाल में बड़े भव्य तरीके से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव समेत पूरे परिवार ने महोत्सव पंडाल में होली खेली। सुबह से ही प्रदेश भर से कार्यकर्ता और नेताओं का यहां जमावड़ा शुरू हो गया था। नेताजी मुलायम सिंह यादव की पसंद रही होली फाग के गायन करने वाले बुजुर्ग भी काफी संख्या में पहुंचे थे। 51 कुंतल फूल कन्नौज स यहां पर मंगाए गए थे। प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव सिंह यादव मंच पर पहुंचे और प्रोफेसर रामगोपाल यादव के पैर छुए। इसके बाद सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव फूलों की होली खेलने के लिए महोत्सव पंडाल में पहुंचे।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव से हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। मुलायम और अखिलेश यादव ने



परिवार के सभी लोगों ने खेली फूलों की होली। इससे पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने फाग गायन कर रहे लोगों के बीच जाकर स्वयं भी फाग गायन किया। रसपा प्रमुख शिवपाल यादव ने फाग भजन सुनाया तो नेताजी मुलायम सिंह यादव उनके भजन पर खुशी से हाथ उठाने लगे। अखिलेश यादव भी उनके भजन पर प्रसन्न हुए।

# फगुआ गायकी की खुमारी में झूमें श्रोता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के सुजियामऊ गांव में शुक्रवार को पारंपरिक होली गीत का आयोजन किया गया। इस दौरान फगुआ गीतों व वाद्य यंत्रों की धुन पर श्रोता मन्त्र मुग्ध हो गये। जिसको सुनने के लिए दूर–दराज से पहुँचे सैकड़ों श्रोताओं पर आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्रीपति उपाध्याय द्वारा पुष्प वर्षा की गई। कलाकारों ने अवधी, फगुआ, उलारा, चौता, बेलवइया, चहका, धमार आदि गीत की शानदार प्रस्तुति दी। श्री पति उपाध्याय उर्फ भैवा के आवास पर आयोजित होली मिलन गीत में 92 वर्षीय बड़कऊ उपाध्याय द्वारा चौताल ''मोहि अवध छयल दिलदारे नयन शर मारे'' व कैलाश शुक्ला द्वारा चहका गीत ''झोकवन बहई बयार अटरिया लम्बी छवाई द बालमवा'' प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात गायक लालसाहब पाठक व रामआसरे तिवारी द्वारा ''बालम सेजिया नहि आये सखी की बेहतरीन प्रस्तुति की। चक्रपति उपाध्याय ने धमार ''चल चल अटरिया भाग पिया बरसई झमकारी बदरिया'' तथा धर्मदत्त उपाध्याय द्वारा मोहि नीको न लागे नैहिरवा गीत गाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा रामनवल शुक्ल, विदितनारायन उपाध्याय, कृष्णानन्द उपाध्याय आदि ने लुप्त हो रही लोकगीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। अंत में आयोजक एवं गीतों के संरक्षण में प्रमुख योगदान करने वाले श्री पति उपाध्याय ने आये हुए लोगो के प्रति आभार ब्यक्त करतें हुए नई पीढ़ी के लोगों से लुप्त हो रही विधा को सहेजने की जरूरत बताई। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. आर एन त्रिपाठी व प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने मौजूद लोगो से कहा कि आज लुप्त हो रही इस परंपरा के साक्षी ही नही संवाहक भी बनिये तभी लुप्त होती संस्कृतियों को बचाया जा सकता है। इस दौरान रामेश्वर त्रिपाठी, सभाजीत द्विवेदी प्रखर, डॉ. मनोज मिश्र, विद्यानंद उपाध्याय, राकेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में होली की देर शाम चचेरे भाई ने भाई के ऊपर पटाखा बम फेंकने से विस्फोट : हालत गम्भीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के रामनगर सेकेंड गांव में जमीनी विवाद में होली की देर शाम चचेरे भाई ने भाई के ऊपर पटाखा बम फेंकने से हुए विस्फोट से भाई गंभीर घायल हो गया। जबकि मौके पर बम धमाके से पीड़ित के घर का काफी नुकसान हुआ है। घायल अवस्था में पीड़ित कोतवाली में पहुंचकर तहरीर दिया है। बम फेंकने के बाद आरोपी फरार हो गया है। रामनगर द्वितीय गांव में रविंद्र कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार गौतम के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चला आ रहा था। दो माह पूर्व विवाद को निपटाने के लिए रविंद्र कुमार सुलह समझौता भी कर लिया था। इसके बावजूद धर्मेंद्र कुमार धमकी दिया था कि हम तुम्हें जान से मार देंगे। इसके बावजूद रविंद्र ने बात को अनसुना करते हुए विवाद को खत्म कर दिया था। होली की देर शाम रविंद्र कुमार गौतम 35 अपने टीनशेड में सोया हुआ था। तभी आरोप है कि धर्मेंद्र शराब के नशे में आकर दरवाजे पर खड़े होकर गालियां बकने लगा। लेकिन रविंद्र के परिजनों ने इसके बावजूद भी कुछ नहीं बोले तब धर्मेंद्र एक बड़ा सा पटाखा बम लाकर टीनशेड पर फेंक दिया। बम के धमाके से टीनशेड उखड़ गया और शेड के भीतर उसमें रखा सामान तितर बितर हो गया। तेज धमाकों से आसपास के लोग दहशत में आ गए पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचे तो धर्मेंद्र वहां से भाग खड़ा हुआ। बम धमाके में रविंद्र कुमार गौतम के पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटे आई। परिजन घायल को देर रात कोतवाली लाकर तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर धर्मेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए इलाज के लिए सीएचसी मड़ियाहूं भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चोटों का एक्सरे कराने के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया शनिवार की सुबह पुलिस घायल को जिला अस्पताल ले गई है। मामले में कोतवाल अशेषनाथ सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज है आरोपी की तलाश किया जा रहा है।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा के नवनिर्वाचित विधायक का आयोजित किया गया स्वागत समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा के नवनिर्वाचित विधायक गड़ का स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से विधायक तुफानी सरोज, जगदीश नरायण राय,लकी यादव, पंकज पटेल, डां रागनी सोनकर का जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व मे सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया वहीं जीते हुए विधायक गड़ ने कहा जीस तरह जनता ने राष्ट्रीय नेतृत्व मे आशा कर महान देवतुल्य जनता ने हम लोगों जीत दिलाई है उस विश्वास को हम लोग कायम रखने के लिए पूरी ईमानदारी से जनता के बीच मे रहकर निभाने का काम करेंगे सरकार भले ही समाजवादी पार्टी की नहीं बनी हमनें चुनाव हारा है लेकिन संघर्ष नहीं हम फिर लडेंगे और फिर जीत कर सरकार बनायेंगे और महबूब नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे वहीं सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने विधान परिषद के होने वाले चुनाव की चर्चा करते हुए कहा की ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और जनपद जौनपुर मे समाजवादी विचारधारा के मतदाताओं ने मन बनाया है कि समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट डां मनोज यादव को जीताकर भेजना है जीते हुए विधायक और कम वोट से हारे हमारे कैंडीडेटो का इस चुनाव में महत्वपूर्ण



भूमिका रहेगी और उनके नेतृत्व मे ही यह चुनाव लड़ाया जायेगा वहीं अन्त मे पूर्व अध्यक्ष रामदास यादव के पूर्ण तिथि व पूर्व नगर अध्यक्ष शरीफ रायनी, सपा नेता मनोज मौर्या के माता जी के निधन पर 2 मिनट मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक ललंन प्रसाद यादव,अरशद खाँ, सुषमा पटेल, राजनरायन बिंद,राजबहादुर यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या आरिफ हबीब,अनवारुल गुड्डू, भानू प्रताप मौर्या, गुड्डू सोनकर, महेन्द्र यादव, रमापति यादव आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया

# खेत गई किशोरी से चार युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, शोर मचाने पर कपड़े से कसा गला, मुकदमा दर्ज

फर्रूखाबाद ब्यूरो : फर्रूखाबाद जिले के कंपिल में खेत गई किशोरी से चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर उसके कपड़े से गले में फंदा कस दिया। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया और वायरल करने की धमकी देकर भाग गए। किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और तलाश कर रही है। आरोपियों में एक गांव के शातिर अपराधी का पुत्र है। क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी शुक्रवार शाम को खेत की ओर गई। तभी सूरजपुर गांव के विपिन, सचिन, सौरभ और कल्याण भी खेत पहुंच गए। चारों युवक किशोरी को खेतों में खींच ले गए। आरोप है कि शोर मचाने पर युवकों ने किशोरी के ही कपड़े का फंदा उसके गले में कस दिया और जान से मारने की धमकी दी। इससे किशोरी डर गई और चारों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवकों ने घटना का वीडियो बना लिया। उन्होंने किसी से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी और भाग गए। किशोरी अपने घर पहुंची और मां को घटना की जानकारी दी। देर शाम किशोरी ने कंपिल थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी लेकिन हाथ नहीं लगे। थाने में किशोरी के बयान दर्ज किए गए। आरोपी विपिन के



पिता ब्रजराम के खिलाफ चोरी व अपहरण के मामले अलग–अलग थानों में दर्ज हैं। कायमगंज सीओ सोहराब आलम ने बताया कि किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही विपिन, सचिन, सौरभ और कल्याण के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# साड़ के हमले से घायल वृध्द की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साड़ के हमले से घायल जरौना नरवा निवासी वृध्द की शुक्रवार सुबह हो गयी। बुधवार को ही साड के हमले से वह घायल हुए थे। मीरगंज थाना के जरौना नरवा निवासी सभापति विश्वकर्मा 60 वर्ष पुत्र धुनमुन बुधवार को अपने घर पर बैठे थे की अचानक एक छुट्टा साड उनके घर पर आ गया एक छोटी बच्ची उसे हाकने लगी तो वह उसे मारने लगा तो उसे बचाने सभापति गये तो साड़ ने हमसा बोल दिया उनके गले मे साड़ मे तेज प्रहार किया जिससे वह बेहोश हो गये उन्हें परिजन आनन फानन मे इलाहाबाद के एक निजि चिकित्सालय मे इलाज के लिए ले गये जहा चिकित्सक ने उपचार शुरू किया हालत मे सुधार नही होने पर परिजन वापस लेकर घर आ गये जहा शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गयी मौत की सूचना पर परिजनो मे कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देने के बाद शव की अन्तेष्टी कर दी। पुलिस का कहना है परिजन पोस्टमार्टम नही कराना चाहते थे।

# होली के विवाद में मारपीट : तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय क्षेत्र के सराय रैचंदा गांव में शुक्रवार सायं होली खेलने के विवाद को लेकर तीन युवक आपस मे भिड़ गये जिसमे तीनों को गम्भीर रूप से चोटे आई है। गांव मे शाम अबीर गुलाल लगाकर होली खेली जा रही थी इसी बीच गांव के ही तीन युवकों विकास यादव (25) प्रेम चंद्र पटेल (30)राजमणि यादव (27)मे कहा सुनी होने लगी बात इतनी बढ़ी कि तीनों मे जमकर मार पीट हो गई।सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया गया है।पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है।जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रेलर के धक्के से ट्रक खलासी की हुई मौत : होली के मौके ट्रक से घर जाते समय सड़क किनारे खड़ा होकर डाल रहा था डीजल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम खाखोपुर के समीप ट्रक में सड़क किनारे खड़े होकर डीजल डाल रहे खलासी को मछली शहर की तरफ से जा रही है ट्रेलर ने धक्का मार दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।दोनों ट्रक लेकर होली के मौके पर घर जा रहे थे। आजमगढ़ जनपद के सिधारी थानाँतर्गत ग्राम भहुली निवासी ड्राइवर बुधिराम यादव पुत्र श्याम राज यादव और उसी गांव का निवासी ट्रक का खलासी वीरू यादव दोनों परिवार के साथ होली मनाने अपने घर जा रहे थे लेकिन ट्रक में डीजल खत्म हो जाने के कारण खाखोपुर स्थित पेट्रोल पंप से डीजल खरीद कर गैलन में ले आए और सड़क किनारे खड़े होकर ट्रक में डीजल डाल रहे थे तभी मछली शहर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने दोनों को धक्का मार दिया जिससे खलासी वीरू यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि ड्राइवर बुधिराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर खलासी को मृतक घोषित कर दिया गया जबकि ड्राइवर को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना गुरुवार की देर सायं काल की है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से रिहायशी मड़हा जला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मड़ार गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से रिहायशी मड़हा जल गया जिससे उसमें रखा खाद्यान्न व नगदी जलकर खाक हो गया। मड़ार गांव निवासी मोहन राजभर परिवार सहित रिहायशी मड़हे में रहते हैं।देर रात अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई जिससे उसमें रखा खाद्यान्न, कपड़े,खटिया,चौकी सहित दस हजार नकद रुपये जलकर खाक हो गया।ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाई सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है

# पड़ाके की वजह से हार्ट अटैक, महिला की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के लेवरूवा गांव में शुक्रवार शाम लड़के होली के अवसर पर पड़ाके छोड़ रहे थे।इसी दौरान महिला को हार्ट अटैक हो गया।परिजन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के लेवरूवा गांव में होली के अवसर पर लड़के पड़ाके छोड़ रहे थे इसी दौरान नरेंद्र कुमार की पत्नी निशा देवी को पड़ाकों की तेज आवाज सुनकर हार्ट अटैक आ गया।आनन–फानन में परिजन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से होली के त्यौहार की खुशी गम में तब्दील हो गई।

# अज्ञात मनबढो ने चायनीज फूड की गुमटी में लगाई आग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर प्रयागराज हाईवे पर स्थित लालाबाजर की एक चायनीज फूड की गुमटी में गुरुवार की रात मनबढो ने आग लगा दी। जब तक आस पास के लोग मौके पर पहुँच कर आग बुझाने का प्रयास करते उसमे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बाजार निवासी प्रकाश चन्द्र गुप्त अपने घर के सामने गुमटी में चायनीज फूड की दुकान चलाते हैं।गुरुवार की रात लगभग 8 बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे और परिवार सँग भोजनादि कर सो गए। लगभग 12 बजे होली जलाकर लौट रहे लोगों ने देखा कि श्री गुप्त की गुमटी से आग की लपटें उठ रही हैं।उन लोगों ने शोर कर मालिक सहित अन्य लोगों की इकट्ठा कर लिया।जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते गुमटी सहित उसमे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। पीड़ित ने शुक्रवार को थाने पहुंच कर अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। उनका कहना है कि इस घटना में उनकी लगभग दस हजार की क्षति हुई है। उक्त सन्दर्भ में थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जाँच की जा रही है।

# खेती में हुआ नुकसान तो किसान ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

झांसी ब्यूरो : झांसी के पूंछ थाना इलाके से होली के दिन एक परिवार के लिए मातम की खबर सामने आई। यहां खेती में हुए नुकसान से परेशान चल रहे एक किसान के आत्महत्या की खबर सामने से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। झांसी के पूंछ थाना इलाके के ग्राम चितगुवां निवासी गौरीशंकर राजपूत (50) पेश से किसान थे। वे 10 बीघा जमीन के काश्तकार थे। रबी सीजन में उन्होंने अपनी 10 बीघा जमीन में से आठ बीघा में मटर और दो बीघा में गेहूं की बुवाई की थी। हाल ही में फसल की कटाई की गई तो आठ बीघा में महज आठ क्विंटल मटर ही निकली। छोटे भाई लक्ष्मण ने बताया कि कृषि में नुकसान होने की वजह से वे मानसिक रूप से परेशान थे। शुक्रवार की सुबह बगैर किसी को बताए घर से निकल गए थे। कुछ समय बाद उनका शव गांव के पास से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर क्षत–विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। भाई ने बताया कि खेती में हुए नुकसान की वजह से गौरीशंकर ने मालगाड़ी के आगे कूदकर अपनी जान दे दी।

# शराब के लिए रुपये न देने पर पिता का ईंट से सिर कूंच मार डाला, आरोपी बेटा गिरफ्तार

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के जंगल एकला नंबर दो हतवा टोला में शुक्रवार दोपहर शराब का रुपया न देने पर बेटे ने ईंट से सिर कूंच कर पिता को मार डाला। घर में चीख–पुकार मचने के बाद आरोपी बेटा छत पर चढ़ गया। उधर, सूचना पर आई पुलिस को छत से ही वह हत्या करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपित बेटे को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर–2 हतवा टोला निवासी विद्या पासवान (45) मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। इनका बेटा राहुल (24) नशा का आदी था। शुक्रवार दोपहर अपने पिता से नशा करने के लिए रुपये की मांग करने लगा तो पिता ने इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर बेटे राहुल ने ईंट से पिता के सिर पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ सिर पर हमला करने से पिता को मौत के घाट उतार दिया। पिता की मौत के बाद भी उनके सिर पर वह ईंट से वार करता रहा। इस दौरान घर वाले बचाव की कोशिश किए तो उन पर ईंट चला दिया था। हत्या करने के बाद वह खुद छत पर चढ़ गया था। चोरी के आरोप में जेल जा चुका है राहुल राहुल को चार साल पहले खोराबार पुलिस ने चोरी के आरोप में जेल भेजा था। करीब एक साल पहले ही वह जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया था। जब से वह जेल से छूटा था तब से वह पिता पर कई बार हमला कर चुका था, लेकिन मारपीट तक ही होता था और उसने ईंट से हमला कर जान ले लिया है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा कि शराब के रुपये के विवाद में बेटे ने पिता की हत्या की है। उसे हिरासत में ले लिया गया है। केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दरोगा ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या की : भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में लगी थी ड्यूटी

गोरखपुर ब्यूरो : तिवारीपुर थाने में तैनात दरोगा हरेंद्र प्रताप सिंह (30) ने शनिवार सुबह छह बजे सरकारी आवास में सरकारी पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर थाने के लोग उनके आवास में गए, तो हरेंद्र जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉले ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। दरोगा की ड्यूटी भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में लगी थी। शोभायात्रा की अगुवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करनी थी। जानकारी के मुताबिक, 2017 बैच के दारोगा हरेंद्र प्रताप सिंह अयोध्या के रहने वाले थे। एक साल से उनकी तैनाती तिवारीपुर थाने में थी। सरकारी आवास में ही हरेंद्र रहते थे। शनिवार की सुबह छह बजे बजे



थाने में तैनात पुलिसकर्मी घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में ड्यूटी करने के लिए निकल रहे थे। इसके पहले खुदकुशी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राप्ती नदी में उतराता मिला गायब छात्र का शव : होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ नहाने गया था रोहित

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जनपद स्थित बरहज क्षेत्र के महेन स्थित राप्ती नदी में शनिवार की सुबह एक शव उतराता मिला। जिसकी शिनाख्त महेन गांव निवासी और बीए प्रथम वर्ष के छात्र रोहित मद्धेशिया (21) पुत्र रामप्रवेश के रुप में हुई। परिजनों के अनुसार रोहित शुक्रवार को साथियों के साथ होली खेलने के बाद नदी की ओर स्नान करने गया था। जो वापस घर नहीं आया। हालांकि घरवालों ने काफी तलाश किया था। लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा था। राप्ती नदी की ओर गए कुछ लोगों ने एक शव उतराता देखा। जानकारी होने पर गांव के लोग नदी की ओर दौड़ पड़े। सूचना पर मदनपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव की पहचान रोहित पुत्र रामप्रवेश के रुप में हुई। रोहित के मौत की जानकारी होने पर मां लक्खी देवी पछाड़ खाकर गिर पड़ी। रामप्रवेश छह संतानों में राहुल, विशाल, राधिका, काजल, ज्योति में रोहित चौथे नंबर का था। त्योहार के दिन शव



मिलने पर गांव में मातम पसर गया। उसके मौत को लेकर लोगों में तरह–तरह की चर्चा थी। थानाध्यक्ष मदनपुर बीबी राजभर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

# धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ करने वाले एक विशेष समुदाय के पांच आरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी

भनवापुर ब्यूरो : एक वर्ग विशेष के द्वारा धार्मिक स्थल तोड़ने और एक परिवार के साथ मारपीट के मामले मे वांछित आठ आरोपियों में से पांच की गिरफ्तारी त्रिलोकपुर पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम की। तीन आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक पिछले हफ्ते ग्यारह मार्च को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के तेतरी गांव में एक विशेष समुदाय के कुछ अराजकतत्वों के द्वारा गांव में स्थित मां काली के प्रतिमा को तोड़ दिया गया था और एक परिवार के महिलाओं के साथ मार पीट की गई थी। पीड़ित महिला के तहरीर पर त्रिलोकपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू किया और मामला दो समुदाय का होने के कारण तेतरी गांव में पुलिस बल तैनात किया गया था। मामले में दो पुरुष और छह महिलाओं को आरोपी बनाया गया था। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर रामकृपाल शुक्ल के निर्देशन व उप निरीक्षक अनिल




कुमार के अगुआई मे गठित टीम ने मो. अस्लम, जलालउद्दीन, अफरोज जहां, सहीदुन्निशा और समीमुन्निशां को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के भेज दिया। इस दौरान लखीचंद्र गुप्ता, सिकंदर, महिला सिपाही दिव्या सिंह, शिल्पी मौर्या उपस्थित रही।

# दरोगा ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या की, भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में लगी थी ड्यूटी

गोरखापुर ब्यूरो : तिवारीपुर थाने में तैनात दरोगा हरेंद्र प्रताप सिंह (30) ने शनिवार सुबह छह बजे सरकारी आवास में सरकारी पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर थाने के लोग उनके आवास में गए, तो हरेंद्र जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉले ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। दरोगा की ड्यूटी भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में लगी थी। शोभायात्रा की अगुवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करनी थी। जानकारी के मुताबिक, 2017 बैच के दारोगा हरेंद्र प्रताप सिंह अयोध्या के रहने वाले थे। एक साल से उनकी तैनाती तिवारीपुर थाने में थी। सरकारी आवास में ही हरेंद्र रहते थे। शनिवार की सुबह छह बजे बजे थाने में तैनात पुलिसकर्मी घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में ड्यूटी करने के लिए निकल रहे थे। इसके पहले खुदकुशी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हादसों में दो भाइयों समेत सात की मौत : परिजनों में मचा कोहराम

हरदोई ब्यूरो : हरदोई जिले में कई थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो चचेरे भाइयों समेत सात लोगों की जान चली गई। दो हादसों में तीन बाइक सवारों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, जबकि डिवाइडर में कार के घुसने से चालक की जान चली गई, वहीं बाइक के पुलिस से टकराने और फिसलने से दो लोगों की मौत हो गई। उधर, बाइकों की टक्कर में एक की मौत हो गई। हादसों के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में हरदोई–लखनऊ मार्ग पर लालपालपुर गांव के पास शुक्रवार को देर रात सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर बात कर रहे चचेरे भाइयों को कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। देहात कोतवाली क्षेत्र के नयागांव निवासी राहुल (21) शहर में एक दुकान पर नौकरी करता था। शुक्रवार को वह शहर कोतवाली के लालपालपुर गांव स्थित रिश्तेदारी में होली मिलने बाइक से गया था। साथ में उसका चचेरा भाई विशाल (16) भी था। देर शाम घर वापस आने पर लालपालपुर के निकट हरदोई–लखनऊ मार्ग के किनारे बाइक खड़ी कर बात कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विशाल की हालत नाजुक होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां देर रात विशाल ने भी दम तोड़ दिया। राहुल अविवाहित था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था, जबकि विशाल अकेला था। वह कक्षा नौ में पढ़ता था। दोनों भाइयों की मौत से परिवार में होली की खुशियां मातम में बदल गईं। शनिवार को पुलिस ने राहुल के शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाल दीपक शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उधर, मल्लावां कोतवाली क्षेत्र ग्राम रामपुर निवासी मुकेश कश्यप (33) लखनऊ में राजमिस्त्री था। शनिवार को दोपहर लखनऊ से बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में कासिमपुर क्षेत्र में संडीला–मल्लावां मार्ग पर हलवाई खेड़ा के पास सामने से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हेलमेट के टुकड़े हो गए और सिर में गंभीर रूप से चोट लगने से मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, मृतक के परिवार में पत्नी विष्णु देवी के अलावा पांच बच्चे हैं। एसओ हरिशंकर प्रजापति ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डिवाइडर में घुसी कार, चालक की मौत शहर कोतवाली के ग्राम चांद बेहटा निवासी मानवेंद्र (30)




कार चलाते थे। शुक्रवार को देर रात कार लेकर लखनऊ जा रहे थे। लखनऊ चुंगी के पास कार बेकाबू होकर डिवाइडर में जा घुसी, जिससे मानवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी आ गए। परिजनों का कहना है कि बीच सड़क लगे डिवाइडर ने बेटे की जान ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाल दीपक शुक्ला ने बताया कि कार की रफ्तार तेज होने से हादसा हुआ है। पुलिया से टकराई बाइक, किसान की मौत उन्नाव के औरास क्षेत्र के ग्राम जब्बर खेड़ा निवासी रामचंद्र (33) खेतीबाड़ी करते थे। बृहस्पतिवार को देर रात कासिमपुर क्षेत्र में पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवा कर घर जा रहे थे। रास्ते में बेहंदर–मांडर मार्ग पर भुलभुलिया खेड़ा गांव के सामने बाइक पुलिया से टकरा गई। हेलमेट न लगाए होने से सिर में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। यहां से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। एसओ हरिशंकर प्रजापति ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बाइक फिसलने से युवक की गिरकर मौत कछौना क्षेत्र के ग्राम मतुआ निवासी मुकेश श्रीवास्तव (25) गुजरात में मजदूरी करता था। होली पर वह गांव आया था। बृहस्पतिवार को देर रात संडीला से बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में कोथावां कस्बे के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे सिर में चोट आने से घायल हो गया। वह हेलमेट नहीं लगाए था। एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बाइक फिसलने से हादसा हुआ है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हादसे में युवक की मौत, एक घायल अतरौली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर ऐमा निवासी प्रदीप (21) शुक्रवार को दोपहर बाइक से गांव निवासी गोपाल के साथ बेनीगंज के सेमरा गांव से घर जा रहा था। रास्ते में अतरौली मार्ग पर एक भट्ठे के पास सामने से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हेलमेट न लगाए होने से सिर में चोट आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक को मामूली चोट आईं। परिजनों ने एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्रदीप की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# रंग डालने पर दो गुटों में खूनी संघर्ष, 30 घायल, 287 लोगों पर मुकदमा

फतेहपुर ब्यूरो : फतेहपुर जिले में रंग डालने के विरोध में किशनपुर कस्बे में शुक्रवार शाम दो पक्षों में खूनी संघर्ष व बवाल हुआ। मारपीट में दोनों पक्ष से करीब 30 लोग व एसओ हथगाम सहित पांच सरकारी कर्मचारी घायल हो गए। जबकि एसपी, एएसपी, एसडीएम खागा, हथगाम थाने की गाड़ियों पर पथराव कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस को घटना नियंत्रित करने में कई घंटे लगे। पुलिस ने बवाल को लेकर तीन एफआईआर दर्ज की हैं। इसमें 45 लोगों को नामजद व 242 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली इंटर कॉलेज के पास शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे रंग डालने, कपड़े फाड़ने को लेकर दो गुटों (सिंगरौर व सोनकर बिरादरी) के बीच खूनी संघर्ष हो गया। कपड़े फाड़ने का विरोध करने पर सोनकर जाति के लोगों ने सिंगरौर जाति के युवकों को पीट दिया और इसके बाद सिंगरौर जाति के लोगों ने एकजुट होकर सोनकर बिरादरी के लोगों पर हमला कर दिया। दोनों गुटों के बीच शुक्रवार देर रात तक विवाद की स्थिति बनी रही। दोनों गुटों के लोगों ने पूरे कस्बे में जिसको जहां पर पाया, वहीं पर लाठी–डंडा, बल्लम, फरसा, कुल्हाड़ी से मार– मारकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर किशनपुर सहित अन्य थानों से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। देर शाम तक चेयरमैन किशनपुर (सोनकर बिरादरी) व उनके भाई (जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ) कौशाम्बी को हिरासत में लेने से सजातीय लोग भड़क गए और पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इसमें आधा दर्जन पुलिस–प्रशासनिक कर्मचारी घायल हो गए। कई घंटे के बवाल के बाद पुलिस ने शुक्रवार देर रात स्थिति पर नियंत्रण किया। मौके पर डीएम अपूर्वा दुबे, एडीजी प्रयागराज प्रेम प्रकाश, अधीक्षक राजेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित फतेहपुर व कौशाम्बी के कई थानों की फोर्स व पीएसी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। किशनपुर थाने में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं इसमें 45 नामजद व 242 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में करीब 30 लोगों के घायल होने की सूचना हैं। चेयरमैन किशनपुर को हिरासत में लेने पर हुए पथराव में एसडीएम खागा, एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक, एसओ हथगाम की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गईं।

## घर पहुंचा शहीद कुलदीप का पार्थिव शरीर, लगे जिंदाबाद के नारे, परिजनों को मुख्यमंत्री ने दिए 50 लाख

कन्नौज ब्यूरो : कन्नौज जिले में छिबरामऊ के नौली गांव के रहने वाले कुलदीप मिश्र करीब चार माह पहले कश्मीर के तंगधार में डयूटी के दौरान हिमपात होने से घायल हो गए थे, तब से उनका इलाज लखनऊ के सैनिक अस्पताल में चल रहा था, मगर बीती रात उनका देहांत हो गया। कुलदीप के शहीद होने की खबर गांव में लगते ही पूरा क्षेत्र हिंदुस्तान जिन्दाबाद के नारों से गूंज उठा। कुलदीप अपने पीछे दो बच्चों को छोड़कर चले गए। फतेहगढ़ की सिख रेजीमेंट से आए कमांडेंट चमकौर सिंह, हवलदार गुरुवार सिंह सहित कई सैनिकों ने उनके पार्थिक शरीर पर तिरंगा डाला और राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। गांव में ही पैत्रक जमीन पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों ग्राम वासियों की मौजूदगी में भारत माता की जय और



कुलदीप मिश्रा अमर रहे के नारों के साथ पार्थिक शरीर को अग्नि के हवाले किया गया। इस दौरान क्षेत्र की विधायक अर्चना पांडे ने पहुंचकर घरवालों को साहस दिया और प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम व क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद कुलदीप मिश्रा के परिजनों को 50 लाख रुपए, एक सदस्य को नौकरी और एक सड़क का नाम शहीद के नाम से करने की घोषणा की है।

# होली मनाने घर आ रहे युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत : परिजनों–ग्रामीणों में मचा कोहराम

अयोध्या ब्यूरो : होली मनाने घर आ रहे 30 वर्षीय आजाद पाण्डेय की आगरा एक्सप्रेस वे पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया है और होली की खुशियां मातम में बदल गईं। प्राप्त सूचना के अनुसार मिल्कीपुर सर्किल के थाना खंडासा क्षेत्र के भावनगर गांव निवासी आजाद पांडे पुत्र सुरेंद्र पांडे उम्र लगभग 30 वर्ष कानपुर में नौकरी कर रहे थे। होली के त्योहार के मद्देनजर परिवार में होली का त्योहार मनाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से आ रहे थे। कानपुर लखनऊ के बीच आगरा एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने इतना जोरदार टक्कर मारा कि मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक आजाद के पास से मिले फोन नंबर के माध्यम से परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य भी वहां पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। आज होली के त्योहार पर गांव में जहां गाजे बाजे के साथ लोग त्योहार मनाते वह सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद से गांव में मातम सा छा गया है।

## रामनगरी के मंदिरों में फूलों की होली, कनक भवन में श्रीराम और सीताजी को गुलाल लगाया गया, नाका हनुमानगढ़ी से निकाला गया जुलूस

अयोध्या ब्यूरो : रामनगरी में इस बार की होली बेहद खास हो रही है। रामलला के दरबार में भगवान को अबीर–गुलाल लगाकर होली मनाई जा रही है।कनक भवन, हनुमानगढ़ी और श्रीरामवल्लभाकुंज सहित हजारों मंदिरों में संत–महंत ने फूल–गुलाल से होली खेली। रामलला के सहायक पुजारी संतोष तिवारी ने रामलला चारो भैया के साथ श्रद्धालुओं को भी प्रसाद के रूप में भगवान राम को गुलाल अर्पित किया। कनक भवन में भगवान श्रीराम व सीता जी को गुलाल लगाया गया कनक भवन में भगवान श्रीराम व सीता जी को गुलाल लगाया गया कनक भवन में श्रीराम और सीताजी को गुलाल लगाया गया अयोध्या की यह होली राम वाली होली है। क्योंकि भगवान श्रीराम के मंदिर की नींव बनकर तैयार होने वाली है। अयोध्या के संत– महंत मठ–मंदिरों में भगवान राम के सामने फूल गुलाल से होली खेल रहे हैं। यही नहीं इस होली में पूरे विश्व को पूरे देश को आपसी भाईचारा का संदेश भी दे रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के वरिष्ठ सदस्य और मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास, श्री रामजन्मभूमि रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास, श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास ने फूल और गुलाल की होली खेली। श्रीरामवल्लभाकुंज में होली पर भगवान का दरबार विशेष रूप से सजाया गया और श्रीराम सीता जी के गालों पर गुलाल लगाया गया। दशरथ महल मंदिर में संतों ने भगवान राम और सीता सहित भाइयों के साथ और राम भक्त हनुमान के साथ अबकी होली राम वाली होली खेली है। होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा के गायन पर संतों ने नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार भी किया। बाबरी मस्जिद पक्षकार इकबाल अंसारी ने भगवान राम और संतों पर गुलाल और फूल छिड़क कर होली खेलकर बधाई दी। श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास का कहना है कि अब रामजी का मंदिर बनने वाला है। संत समाज प्रसन्न है। होली के पर्व पर समरसता को कायम करना है। नाका हनुमानगढ़ी से महंत रामदास की अगुवाई में होली पर जुलूस निकाला गया। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सतेंद्र दास का कहना है कि अब जल्द रामलला का मंदिर बन जाएगा। पूरी अयोध्या इस बार होली को बड़े उत्साह के साथ मना रहा है। इस बार अवध की होली बेहद खास है। क्योंकि रामलला के पक्ष में निर्णय आया और अब राम जी का मंदिर 500 साल बन रहा है। नाका हनुमानगढ़ी से महंत रामदास की अगुवाई में होली पर जुलूस निकाला गया।

# होली से पहले साठ बकायेदारों का काटा कनेक्शन : फीका हुआ त्योहार का आनंद

अयोध्या ब्यूरो : होली त्योहार से पहले बिजली बिल बकायेदारों पर विद्युत विभाग का चाबुक चला। विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर लगभग साठ लोगों का कनेक्शन काट दिया। मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत के 33/11 सब स्टेशन विद्युत विभाग हरिंग्टनगंज के आस्तीकन व सागर पट्टी मे अवर अभियंता के द्वारा बिजली दस हजार बिल बकायेदारों से साठ हजार की राजस्व वसूली की गयी। अभी लगातार कितनों पर गाज गिरना बाकी है। लगातार चल रहे इस अभियान में लगभग 60 लोगों के बिजली के कनेक्शन काटे। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से विद्युत उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। इस बाबत विद्युत विभाग हैरिंग्टनगंज उप केंद्र के अवर अभियंता रवी प्रकाश सिंह ने बताया कि बिजली विभाग बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान प्रारंभ कर दिया है। बकायेदार उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा रही है। अब तक साठ उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। बिजली कनेक्शन काटने के बाद भी अगर विद्युत उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया तो बिजली विभाग उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी करेगी। इस मौके पर टैक्नीशियन शिव बहादुर चौरसिया,बृजेश कुमार, अमीश कुमार,व अन्य संविदा कर्मियों की मौजूदगी मे कनेक्शन काटा गया।

# गंगा में नहाते समय डूबे छह लोग, तीन लोगों को ग्रामीणों ने बचाया, तीन लापता

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में महाराजपुर के नयाखेड़ा गांव में छह लोग गंगा नहाते समय डूब गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने जाल की मदद से तीन लोगों को बचा लिया। जबकि तीन लोग लापता हैं। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। शनिवार सुबह करीब नौ बजे महाराजपुर के नयाखेड़ा (नागापुर) निवासी रतीराम रैदास का बेटा श्यामसुंदर (25), सीताराम रैदास का बेटा दिनेश (26), जयकरन रैदास की बेटी साक्षी (12) गांव की ही कुमकुम (15), अरविंद (10) व शिवा (10) के साथ गांव स्थित गंगा तट पर नहाने गए थे। पैर पिसलने से इनमें से एक युवक डूबने लगा। जिसे बचाने में एक–एक कर सभी गहराई में चले गए और सभी डूबने लगे। इनमें कुमकुम ने किसी तरह शोर मचाना शुरू किया। गंगा की रेती में सब्जी की खेती करने वाले



किसान दौड़ पड़े। लोगों ने कुमकुम, शिवा व अरविंद को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया। लेकिन दिनेश, श्यामसुंदर व साक्षी गंगा के बहाव में बह गए। घटना के बाद सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सतीश राठौर संग ग्रामीण खोजबीन में जुटे हैं। लेकिन डूबे लोगों का अभी तक पता नहीं चला है।

# रिश्तों का कत्लः बेटे ने खुरपी मारकर पिता को मौत के घाट उतारा, रिपोर्ट दर्ज

कन्नौज ब्यूरो : यूपी के कन्नौज जिले में पिता की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इंदरगढ़ क्षेत्र में बेटे ने खुरपी मार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। मृतक के पोते ने अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना इंदरगढ़ में ध्रुवकुमार राजपूत ने अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। बताया कि उसके पिता रामकुमार ने शुक्रवार शाम करीब सात बजे जान से मारने की नीयत से बाबा पुत्तीलाल (90) पर खुरपी से सिर पर वार कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल तिर्वा में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए पुत्तीलाल को रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी रुद्रप्रताप नरायण त्रिपाठी ने बताया कि ध्रुव कुमार की तहरीर पर उसके पिता रामकुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट



दर्ज की गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जेसीआई अयोध्या सिटी अध्यक्ष के नेतृत्व में राजकीय संप्रेषण गृह के 120 बच्चों को वितरित किया गया होली का तोहफा

अयोध्या ब्यूरो : शहर के चौक स्थित राजकीय संप्रेषण ग्रह के 120 बच्चों को होली के पर्व पर जेसीआई सिटी अयोध्या के अध्यक्ष सुप्रीत कपूर के नेतृत्व में रंग गुजिया मिठाई फल का वितरण किया गया इस मौके पर जेसीआई सिटी के मनीष गोयल रोहित अग्रवाल आकाश अग्रवाल गगन जैसवाल स्वप्निल रस्तोगी राघव बंसल रहे मौजूद वही जेसीआई सिटी अध्यक्ष सुप्रीत कपूर ने कहा कि आज होली के पर्व पर राजकीय संप्रेषण गृह के 120 बच्चों को अपने हाथों से होली के पद पर रंग अबीर गुलाल मिठाई गुझिया वह फल का वितरण किया गया है बच्चे होली का उपहार पाकर बहुत ही खुश दिखाई दिए।

## साठ लीटर अवैध शराब बरामद : तीन गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो : होली त्यौहार से एक दिन पूर्व मवई पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चला कर विभिन्न स्थानों से 60 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम को उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह,सिपाही सुनील तथा सौरभ के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे जब वह दुल्लापुर के निकट शारदा सहायक नहर की पटरी पर पहुंचे तो एक व्यक्ति दोनों हाथों में पिपिया लेकर आ रहा था पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा।इस पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।जब तलाशी ली तो दोनों पिपियों में दस दस लीटर अवैध शराब बरामद हुई।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान ग्राम बरतरा के पन्ना लाल पुत्र राम फेर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिपाही शरद वीर,बॉबी प्रताप सिंह तथा शैलेन्द्र के साथ गश्त पर निकले थे जब पुलिस टीम बदले पुर मोड़ पर पहुंची तो एक युवक संदिग्ध अवस्था मे खड़ा था।इस पर चौकी इंचार्ज बाबा बाजार मनोज कुमार ने उस युवक के पास पहुंच कर तलाशी ली तो उसके पास एक पिपिया में बीस लीटर अवैध शराब बरामद हुई।पकड़े गये युवक की पहचान ग्राम चमर टोलिया मजरे गनेशपुर के सुखराज पुत्र गिलई के रूप में हुई।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सैदपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार यादव सिपाही दयाराम तथा उमेश के साथ ग्राम बहबरा मजरे सुनबा के निकट अमन ईंट उद्योग से मसूदन उरांव पुत्र बाल गोविंद को बीस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि पकड़े गये तीनों अभियुक्तों को आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेजा जायेगा।

## 16 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत

अयोध्या ब्यूरो : रुदौली कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक रूदौली कोतवाली की शुजागंज चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा फगौली कुर्मियान में बृहस्पतिवार को दिन में लगभग 1बजे 11 हजार विद्वुत तार की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।ग्राम प्रधान आनन्द गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा होली के पर्व पर शुक्रवार को मेला लगाने के आयोजन करने की तैयारी की जा रही थी।जहां पर टेंन्ट लगाया जा रहा था वहीं पर यह किशोर आनन्द यादव कुछ बच्चों के साथ गेंद खेल रहा था उसी जगह आम की बाग से 11हजार की लाइन से ही विद्वुत तार आम की पेड़ के पास से गया हुआ है।किशोर व अन्य बच्चों द्वारा गेंद खेलते समय गेंद वहीं आम के पेड़ पर जाकर अटक गया और किशोर आनन्द टेंन्ट की आम के पेड़ के पास ही खड़ी लोहे की सीढ़ी से चढ़कर गेंद उतारने लगा तभी वह सीढी उसी जगह से निकली 11 हजार की लाइन के तार से टच हो गई और किशोर झुलस कर सीढ़ी के साथ नीचे गिरकर छट पटाने लगा तभी आसपास के लोगों ने दौड़कर घटना स्थल पर जाकर देखा जहां किशोर काफी झुलस गया था लोगों ने तत्काल किशोर के परिजनों को किशोर के झुलस जाने की सूचना दी।घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने किशोर को तत्काल सीएचसी रुदौली पहुंचाया जहाँ किशोर को देखते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस सम्बंध में शुजागंज चौकी प्रभारी विवेक राय ने बताया कि आनन्द यादव पुत्र अर्जुन यादव 16 वर्ष फगौली कुर्मियान की विधुत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई जिसके शव को पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया हैं।

## भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव ने मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत पर गहरा शोक प्रकट

अयोध्या ब्यूरो : भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी ने भोर में मासूम बच्ची के साथ अयोध्या नगरी में हुई हैवानियत पर गहरा शोक प्रकट करते हुए प्रशासन पर गहरा आरोप लगाते हुए कहा कि इस वीभस्त घटना से हम आहत है। उन्होंने कहा कि आज इस सरकार व प्रशाशन में मासूम बच्चियां तक सुरक्षित नही है।जिला प्रशासन आश्वासन नही पीड़ित परिवार को न्याय दे।और पीड़िता का उच्च स्तरीय उवचार कराये।और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे प्रशासन ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो सके प्रशासन और सारे जनप्रतिनिधियों से अपील है कि पीड़िता व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये। आज हमारे प्रदेश सरकार ''बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ''का नारा खोखला साबित हो रहा है।संगठन इस घटना की आलोचना करते हुए 24 घण्टे के अंदर प्रशासन पूरी घटना का पर्दाफाश करे।नही तो संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होगा।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।